भारत सरकार
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या –*216

उत्तर देने की तारीख : 10.12.2024

## मुख्य आयुक्त-दिव्यांगजन के कार्यालय में मुख्य आयुक्त का रिक्त पद

*216. श्री अमरा राम:

क्या सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मुख्य आयुक्त-दिव्यांगजन के कार्यालय में मुख्य आयुक्त का पद रिक्त है;

(ख) दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के सचिव को मुख्य आयुक्त-दिव्यांगजन का अतिरिक्त प्रभार कब तक दिया गया है;

(ग) सरकार ने मुख्य आयुक्त-दिव्यांगजन के पद के लिए आवेदन आमंत्रित करने हेतु कितनी बार और कब-कब विज्ञापन प्रकाशित किए हैं;

(घ) क्या सरकार को इन विज्ञापनों के बाद आवेदन प्राप्त हुए हैं;

(ङ) यदि हां, तो कितने व्यक्तियों ने आवेदन किया; और

(च) क्या दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के अनुसार पात्र और अनुभव प्राप्त व्यक्तियों से आवेदन प्राप्त हुए थे और यदि हां, तो उक्त पद पर भर्ती न करने के क्या कारण हैं?

उत्तर

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री

(डॉ. वीरेंद्र कुमार)

(क) से (च): एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

**''मुख्य आयुक्त-दिव्यांगजन के कार्यालय में मुख्य आयुक्त का रिक्त पद'' के संबंध में श्री अमरा राम द्वारा दिनांक 10.12.2024 के पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *216 के भाग (क) से (च) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।**

(क) और (ख): जी हां। पिछले नियमित सीसीपीडी का कार्यकाल 27.01.2019 को समाप्त हो गया था। तब से दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के सचिव सीसीपीडी का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे हैं, जो आज की तारीख में 31.01.2025 तक बढ़ा हुआ है। वर्ष 2022-23 में कुछ महीनों की अवधि के लिए सीसीपीडी का अतिरिक्त प्रभार राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के सचिव के पास रहा था।

(ग) 4 बार प्रकाशित।

- विभाग ने पहली बार 24-30 नवंबर, 2018 को रोजगार समाचार में विज्ञापन प्रकाशित किया।
- विभाग ने दूसरी बार 10-16 अक्टूबर, 2020 को रोजगार समाचार में विज्ञापन प्रकाशित किया।
- विभाग ने तीसरी बार 16.12.2023 को रोजगार समाचार में विज्ञापन प्रकाशित किया।
- दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की वेबसाइट पर 03.12.2024 को नया विज्ञापन जारी किया गया है।

(घ) और (ङ):

- 24-30 नवंबर, 2018 के रोजगार समाचार में प्रकाशित विज्ञापन के तहत 79 आवेदकों ने आवेदन किया था।
- 10-16 अक्टूबर, 2020 के रोजगार समाचार में प्रकाशित विज्ञापन के तहत 51 आवेदकों ने आवेदन किया था।
- दिनांक 16.12.2023 के रोजगार समाचार में प्रकाशित विज्ञापन के अंतर्गत 28 आवेदकों ने आवेदन किया था।

(च) संबंधित समिति द्वारा छटनी (शार्टलिस्ट) करने के बाद, सीसीपीडी के पद को भरने के लिए किए गए सभी तीन प्रयासों में अंततः कोई उपयुक्त उम्मीदवार नहीं मिला। सीसीपीडी के पद के लिए एक नया रिक्ति परिपत्र 03.12.2024 को डीईपीडब्ल्यूडी की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है।

*********